मंगलवार
10 जनवरी 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



अनुदान राशि देने के लिए दस हजार रिश्वत लेते आरा के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गिरफ्तार 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## राहुल गांधी ने सुनी गाजीपुर के छात्रों की समस्याएं



**गाजीपुर।** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी गाजीपुर पहुंचे। जहां छात्र नेताओं ने विद्यार्थियों को होने वाली असुविधाओं को लेकर गाजीपुर में विश्वविद्यालय की आवश्यकता और उत्तर प्रदेश में पिछले चार वर्षों से प्राथमिक शिक्षक भर्ती न होने को लेकर बात की। एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव रोहित खरवार ने नई शिक्षा नीति पर बढ़ी हुई फीस और छात्रों की बेरोजगारी पर भी राहुल गांधी से बात की। छात्रों की समस्याओं को सुनकर राहुल गांधी ने समस्याओं के समाधान और विश्वविद्यालय के मुद्दे पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। मौके पर एनएसयूआई उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश यादव, पंकज उपाध्याय पूर्व छात्रनेता पीजी कॉलेज, दिवांशु पांडेय, रोहित खरवार, सुधांशु तिवारी व अन्य पहुंचे।

# प. बंगाल में 1.2 करोड़ रोजगार का किया गया सृजन: ममता

**एजेंसी/कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कोलकाता में जी20 की बैठक में कहा कि उनकी सरकार विकास को मानवीय रूप देने में विश्वास करती है। वित्तीय समावेश पर हो रही तीन दिवसीय इस बैठक में जी20 के सदस्य देशों से आए प्रतिनिधियों को अपने संबोधन में ममता ने यह भी कहा कि महिला सशक्तीकरण सहित सरकार के कल्याण कार्यक्रम इस तरह तैयार किए गए हैं कि समाज के सबसे कमजोर वर्ग के लोगों के डिजिटल एवं वित्तीय समावेश को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि हम विकास को मानवीय रूप देने में भरोसा करते हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने 1.2 करोड़ रोजगार का सृजन किया है तथा

- तीन दिवसीय बैठक में जी20 के देशों से आए प्रतिनिधि हुए शामिल

### जी20 बैठक: मुख्यमंत्री ने बंगाल के विकास से कराया रू-ब-रू

राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कई गुना वृद्धि की है।

पिछले साल ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने लगातार तीसरी बार विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की है। ममता ने कहा कि कोविड महामारी की वजह से मची आर्थिक उथलपुथल के बावजूद राज्य सरकार 1.2 करोड़ रोजगार का अवसर बनाने में कामयाब रही और इनमें से ज्यादातर रोजगार एमएसएमई (लघु, कुटीर एवं मध्यम उपक्रम) सेक्टर में हैं।



**भाषाओं की विविधता के बावजूद लोग एकजुट :** उन्होंने कहा कि राज्य में धर्म, जाति या भाषाओं की विविधता के बावजूद लोग एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि हमारे यहां विभिन्न धर्मों, जातियों, नस्लों के लोग हैं, लेकिन हम एकजुट हैं। बैठक के पहले दिन आधुनिक वित्तीय समावेश के लिए डिजिटल नवाचार पर एक प्रदर्शनी तथा वित्तीय समावेश एवं उत्पादकता में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरख्ना पर सत्र आयोजित किए जाएंगे। तीन दिवसीय इस आयोजन में 12 अंतरराष्ट्रीय वक्ता हिस्सा लेंगे। जिनमें विश्व बैंक, सिंगापुर, फ्रांस और एस्टोनिया के वित्त मामलों के अधिकारी शामिल हैं।

### किसानों व युवाओं का सशक्तीकरण किया :

उन्होंने कहा कि हम रोजगार का अवसर तथा जीडीपी को चार गुना बढ़ाने में इसलिए कामयाब हुए क्योंकि हमने महिलाओं, छोटे उद्योगों, किसानों और युवाओं का सशक्तीकरण किया। हमने भूख के खिलाफ लड़ाई लड़ी और गरीबों को मुफ्त अनाज दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने महिलाओं और कमजोर वर्गों के लोगों का डिजिटल हस्तांतरण के माध्यम से वित्तीय समावेश सुनिश्चित किया। महिला सशक्तीकरण के लिए हमने उन्हें डिजिटल हस्तांतरण के माध्यम से धन दिया... इस कार्यक्रम पर करीब 1.5 अरब डॉलर खर्च किए गए। राज्य में स्व-सहायता समूह बनाए गए जिनसे 1.2 करोड़ महिलाएं संबद्ध हैं।

## सीएम नीतीश कुमार ने सारण जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा

# सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज के निर्माण की है योजना: मुख्यमंत्री

- सीएम ने समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को 'समाधान यात्रा' के क्रम में सारण जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, छपरा के कार्यों का जायजा लिया। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य सह पथ निर्माण श्री प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री को यहां हो रहे निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लाइब्रेरी, ऑडिटोरियम, प्ले ग्राउंड और गर्ल्स व ब्वॉयज हॉस्टल आदि के निर्माण के संबंध में भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इसका निर्माण जल्द पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ लड़के-लड़कियों के लिए खेलकूद की भी व्यवस्था करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मेडिकल कॉलेज के पास ही इंजीनियरिंग कॉलेज और जेपी यूनिवर्सिटी भी है। इन सभी की आपस में कनेक्टिविटी बेहतर हो, इसका भी ख्याल रखें।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में इंजीनियरिंग कॉलेज और मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य ठीक ढंग से हो। यहां पर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण कार्य बेहतर ढंग से कराया जा रहा है ताकि छात्रों की पढ़ाई के साथ-साथ लोगों का ट्रीटमेंट भी ठीक ढंग से हो सके। इसका निर्माण कार्य 6 महीने के अंदर पूरा हो जायेगा। जब यह बनकर तैयार हो जायेगा तो इसकी शुरूआत करने हमलोग फिर से यहां आयेंगे। आज इसे देखने के लिए हमलोग आये हैं। हमलोग चाहते हैं कि यह मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पीटल जल्द बन कर तैयार हो जाये। इसको लेकर प्रोफेसर एवं अन्य स्टॉफ की नियुक्ति कर ली जाये। ताकि यहां पढ़ने वाले लड़के-लड़कियों को पढाई में सुविधा हो, साथ ही लोगों के इलाज में भी सहूलियत हो। हमलोग चाहते हैं कि किसी को मजबूरी में इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। इस मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पीटल को फोरलेन से जोड़ा जा रहा है। रेलवे लाइन से भी अंडरपास के द्वारा इसे जोड़ दिया जायेगा ताकि यहां आने-जाने में किसी को कोई दिक्कत नहीं हो यहां पर लड़के एवं लड़कियों के लिए हॉस्टल का भी निर्माण कराया जा रहा है। अधिकारियों ने हमें आश्वस्त किया है कि इसका निर्माण कार्य 6 महीने के अंदर पूरा कर लिया जायेगा। सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज के निर्माण की योजना है लेकिन अभी जितने जिलों के लिए पहले तय किया गया है उसको पहले पूरा करना है। हमलोग चाहते हैं कि कम से कम एक-दो छोटे-छोटे जिलों को मिलाकर भी एक मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया जाये ताकि लोगों को ट्रीटमेंट में सुविधा हो। हमलोगों ने मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज में लड़कियों के लिए एक तिहाई आरक्षण का प्रावधान कर दिया है। अब लड़कियां काफी तादाद में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर सकेंगी।

### जीविका दीदियां सभी काम को अंजाम दे रही हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीविका दीदी बहुत अच्छा काम कर रही हैं। जिस प्रकार से हमलोगों ने जीविका समूह का गठन किया उसका लाभ सबको मिल रहा है। आज जीविका दीदियां सभी प्रकार के काम को अंजाम दे रही हैं। जिनको जिस काम में रूचि है, वही काम कर रही हैं। एक बच्ची की कम उम्र में ही शादी हो रही थी, जिसे इनलोगों ने रुकवाया। अपने अगल-बगल के लोगों को भी जीविका दीदियां जागरूक कर रही हैं। लोगों में अब जागृति आ रही है। लड़कियां कम उम्र में शादी नहीं करना चाहती हैं। सरकार द्वारा कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं, उसको देखने हम यहां आये हैं जो हो रहा है वो ठीक है लेकिन आगे और किया जाना जरुरी है, उसको जानने के लिए हमलोग घूम रहे हैं। हमारी यात्रा का यही मकसद है।

## इंडिगो फ्लाइट में तीन शराबी पैसेंजर्स ने कैप्टन को पीटा

**पटना।** दिल्ली-पटना इंडिगो फ्लाइट में रविवार को तीन युवकों ने जमकर हंगामा किया। तीनों ड्रिंक किए हुए थे। इस दौरान एयर होस्टेस ने इन्हें समझाने की कोशिश तो उलझ गए। एयर होस्टेस के साथ बदसलूकी और छेड़खानी भी की।

पायलट की शिकायत के अनुसार तीनों ने मारपीट भी की। उधर, पायलट ने पटना के एयरपोर्ट थाने में इसकी लिखित शिकायत की है। ये फ्लाइट 6ई-6383 रविवार रात 8.55 बजे पटना एयरपोर्ट पहुंची थी। पुलिस के मुताबिक, दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। शिकायत के मुताबिक तीनों युवकों ने फ्लाइट में बैठते ही हंगामा शुरू कर दिया था। एयर होस्टेस ने शोर न करने को कहा तो बहस करने लगे। तीनों बिहार के रहने वाले हैं। इनके नाम रोहित कुमार, नितिन कुमार और तीसरे का नाम पिंटू कुमार है। पूरी तरह से नशे में धुत थे। इनकी वजह से फ्लाइट में सवार दूसरे पैसेंजर्स को भी काफी परेशानी हुई।

इन्होंने कई बार पायलट से शिकायत भी की। इस पूरी घटना के बाद पायलट ने एयरपोर्ट अथॉरिटी और सीआईएसएफ को इसकी सूचना दी। इन्हें एयरपोर्ट पर बाहर निकलने से पहले ही रोका गया। तीनों खुद को एक राजनीतिक पार्टी से जुड़े होने और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का खास आदमी बताने लगे। हालांकि, इसी बीच तीसरा साथी पिंटू मौका देख कर फरार हो गया। जबकि, सीआईएसएफ की तरफ से एयरपोर्ट थाना की पुलिस को जानकारी दी गई। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने छानबीन की।

# इंडो-नेपाल बॉर्डर पर खुला लैंड कस्टम स्टेशन

**केटी न्यूज/पटना**

आजादी के बाद पहली बार बिहार के पश्चिमी चम्पारण जिला में वाल्मीकिनगर को भंसार सुविधा की सौगात मिली है। भारत सरकार के वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने इसका उद्घाटन कर माल ढुलाई वाहनों को हरी झंडी दिखाकर नेपाल के लिए रवाना किया। दरअसल इंडो नेपाल सीमा पर स्थित वाल्मीकिनगर में कस्टम सेवाओं का आज लम्बे इंतजार के बाद भव्य शुभारंभ किया गया। बॉर्डर पर वाल्मीकिनगर में एलसीएस बना है, जो देश का 120 वां और बिहार का 12 वां लैंड कस्टम स्टेशन है। उम्मीद जताई जा रही है कि पड़ोसी देश नेपाल के साथ बेटी

- भारत के 120वें और बिहार के 12वें लैंड कस्टम सेंटर की हुई शुरूआत, बढ़ेगा व्यापार



रोटी के रिश्ते के बाद अब इस लैंड कस्टम स्टेशन से व्यापारिक उद्देश्यों को मजबूती के साथ साथ रोजगार बढ़ने के भी आसार हैं। इस मौके पर केन्द्रिय वित्त राज्यमंत्री ने कहा इससे दोनो देशो का व्यापार भी बढेगा ।

वहीं, सभा को संबोधित करते हुये मंत्री ने कहा की आज मोदी की सरकार मे हम व्यापार के क्षेत्र मे काफी आगे बढ़ रहे हैं। इस मौके पर नेपाल कस्टम चीफ मनी राम पावडे ने बताया की आज इस वाल्मीकिनगर मे एलसीएस के उद्घाटन से दोनो देशो के व्यापार में बढोतरी के साथ रिश्तों को मजबूती मिलेगी । बता दें कि कस्टम सेवाओं की शुरूआत को लेकर बीजेपी के नेता औ? कार्यकर्ता जहां इसका श्रेय ले रहे हैं तो वहीं महागठबंधन के माले विधायक वीरेन्द्र गुप्ता ने इसे दिवंगत जेडीयू सांसद वैधनाथ प्रसाद महतो द्वारा 2013 में ही प्रमुखता से मांग किये जाने का दावा किया है।




## 19 जनवरी को तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद का दौरा करने वाले हैं पीएम

# हैदराबाद से विजयवाड़ा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस की होगी शुरुआत

- तेलंगाना में 2,400 करोड़ रुपये से विभिन्न रेलवे परियोजनाओं की होगी शुरूआत

**एजेंसी /नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 19 जनवरी को तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद का दौरा करने वाले हैं। वह यहां पर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा सकते हैं। यह ट्रेन हैदराबाद से विजयवाड़ा के बीच चलेगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री तेलंगाना में 2,400 करोड़ रुपये की विभिन्न रेलवे परियोजनाओं की शुरूआत करेंगे। प्रधानमंत्री के



कार्यक्रम को लेकर बीजेपी ने एक प्रेस रिलीज जारी की है। पीएम मोदी के दौरे को देखते हुए स्थानीय बीजेपी नेताओं ने कमर कस ली है। सारी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पीएम मोदी के दौरे की पूरी जिम्मेदारी तेलंगाना बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और लोकसभा सांसद बंदी संजय कुमार के कंधों पर है।

भातीय जनता पार्टी की ओर से जारी प्रेस रिलीज के मुताबिक, प्रधानमंत्री लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण की आधारशिला रखेंगे और काजीपेट में आवधिक ओवरहॉलिंग (पीओएच) कार्यशाला के निर्माण कार्यों का दूरस्थ रूप से शुभारंभ करेंगे। तेलंगाना बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन का दौरा किया और दक्षिण मध्य रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक की। उनके साथ पार्टी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य के लक्ष्मण भी साथ में मौजूद रहेंगे।

**सिकंदराबाद-महबूबनगर रेल लाइन होगी डबल :** रेलवे सूत्रों ने कहा कि अन्य उद्घाटन भी पीएम मोदी के कार्यक्रम का हिस्सा होने की संभावना है और उनमें सिकंदराबाद और महबूबनगर के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित दूसरी रेलवे लाइन शामिल होगी। इस कार्य को करने में 1,231 करोड़ रुपये की लागत से भी शुरू किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री काजीपेट वैगन वर्कशॉप की आधारशिला रख सकते हैं। आने वाले समय में तेलंगाना में विधानसभा चुनाव के चलते पीएम के दौरे से बीजेपी को काफी उम्मीदें हैं। तेलंगाना फतह के लिए बीजेपी अपनी पूरी ताकत झोंकने में लगी है। हैदराबाद में प्रधानमंत्री एक जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। पीएम मोदी के दौरे को देखते हुए सत्तारूढ़ बीआरएस और बीजेपी के बीच बयानबाजी देखने को मिल सकती है।

## खबरें फटाफट

### 4 साल पहले अगवा कोलकाता से बरामद

**आरा।** भोजपुर के गड़हनी थाना क्षेत्र अगिआंव गांव से करीब चार साल पूर्व अगवा आठ वर्षीय बालक को सकुशल बरामद कर लिया गया। उसे पश्चिम बंगाल के बरामद किया गया है। हालांकि इस मामले में किसी की गिरफ्तार होने की सूचना नहीं है। वह अगिआंव गांव निवासी नईम अंसारी का पुत्र मो. शमीम अंसारी है। अब वह किशोर हो गया है। एसपी प्रमोद कुमार की ओर से यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि 23 अक्टूबर 2018 को गड़हनी थाना क्षेत्र के अगिआंव गांव निवासी मो. नईम अंसारी का पुत्र शमीम अंसारी गायब हो गया था। उसे लेकर गडहनी थाना में उसकी मां खुशबू बेगम कै बयान पर अपहरण की प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। उसके बाद से ही बच्चे की खोज की जा रही थी।

### विवाहिता को पीटा

**आरा।** सारण के डोरीगंज थाना क्षेत्र के कुतुबपुर गांव में शनिवार की शाम दहेज में बाइक और सोने की चेन की मांग को ले एक विवाहिता की जमकर पिटाई कर दी गई। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गयी, जिसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी महिला कुतुबपुर गांव निवासी धीरज मांझी की 22 वर्षीया पत्नी पुष्पा देवी है। उसने बताया कि उसकी शादी के 4 वर्ष पहले हुई थी। उसके पति, सास सहित अन्य ससुराल वालों द्वारा उसे ताना दिया जाता है कि उसके पिता ने दहेज में सोने की चेन और बाइक नहीं दी है। उसे लेकर कई बार मारपीट भी की गयी। उसे दो माह का एक बच्चा है। शनिवार की शाम उसकी सास ने खाना बनाने को कहा। तब उसने कहा कि बच्चे को दूध पिला रही है। उसके बाद खाना बना देगी। इसी बात को लेकर कहासुनी हुई। उसके बाद पति व सास द्वारा उसकी पिटाई कर दी गयी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई।

# सलाहः शीतलहर के कारण बच्चों व बुजुर्गों में बढ़ जाता है हाइपोथर्मिया का खतरा

**केटी न्यूज/बक्सर**

- हाइपोथर्मिया से बचने के लिए सतर्क रहने की जरूरत
- ठंड में नवजात शिशुओं के लिए केएमसी जरूरी



सर्दियों के मौसम में शरीर के तापमान में तेजी से गिरावट आने पर हाइपोथर्मिया का खतरा बढ़ जाता है। सबसे ज्यादा बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों पर इसका असर पड़ता है। स्वस्थ्य मनुष्य के शरीर का तापमान 37 डिग्री सेल्सियस या 98.6 डिग्री फारेनहाइट होता है। ठंड के मौसम में अगर शरीर का तापमान गिरकर 35 डिग्री सेल्सियस या 95 डिग्री फारेनहाइट से कम होता है, तब हाइपोथर्मिया का खतरा बढ़ जाता है। इस बीमारी से बचने के लिए विशेष तौर पर सतर्क रहने की जरूरत है। हाइपोथर्मिया में शरीर की गर्मी तेजी से खोने लगती और शरीर पूरी तरह ठंडा पड़ जाता है। इस दौरान पीड़ित व्यक्ति की आवाज धीमी पड़ जाती या उसे नींद आने लगती है। साथ ही पूरे शरीर में कपकपी और हाथ-पैर जकड़ने लगते हैं। दिमाग शरीर का नियंत्रण खोने लगता है। इसका असर शारीरिक रूप से कमजोर लोगों, मानसिक रोगियों, बेघर लोगों, बुजुर्गों एवं बच्चों में ज्यादा होता है। गंभीर स्थिति में जानलेवा साबित हो सकता है।

**हाइपोथर्मिया की स्थिति में ये करना उचित :** यदि किसी व्यक्ति में हाइपोथर्मिया के लक्षण मौजूद हैं, खासतौर पर वह भ्रम की स्थिति में है, सोच नहीं पा रहा है, तो तुरंत डॉक्टर के पास ले जाएं। यदि व्यक्ति बेहोश है, तो उसकी श्वास और ब्लड सकुर्लेशन की जांच करें। यदि आवश्यक हो, तो सीपीआर दें यानी उसके मुंह में मुंह डालकर हवा भरें। यदि पीड़ित प्रति मिनट 6 से कम सांस ले रहा है, तो समझें कि खतरा है। व्यक्ति को गर्म कमरे में ले जाएं और गर्म कंबल ओढ़ा दें। यदि घर के अंदर जाना संभव नहीं है, तो उसे ठंडी हवा से बचाएं और कंबल का उपयोग करें। गीले कपड़े पहने हैं तो उन्हें हटा दें। शरीर को गर्म रखने के लिए पूरे शरीर और खासतौर पर सिर और कमर को कवर करें। गर्दन, छाती और कमर पर गर्म सेक करें। यदि व्यक्ति होश में है और आसानी से निगल सकता है, तो गर्म चाय या कॉफी दें। डॉक्टरी मदद मिलने तक मरीज के साथ रहें।

### इन लोगों में हाइपोथर्मिया का खतरा अधिक

- नवजात शिशु या बहुत ज्यादा उम्रदराज लोग
- ऐसे मरीज जिन्हें हार्ट या ब्लड प्रेशर की समस्या है
- कुपोषित
- बहुत ज्यादा थके हुए लोग
- शराब या ड्रग्स के प्रभाव में रहने वाले

### हाइपोथर्मिया के कारण

- सर्दियों में गर्म कपड़े बिना रहना
- झील, नदी या पानी के किसी अन्य स्रोत के ठंडे पानी में गिरना
- हवा या ठंड के मौसम में गीले कपड़े पहनना
- भारी परिश्रम करना, पर्याप्त तरल पदार्थ नहीं पीना
- ठंड के मौसम में पर्याप्त खाना नहीं खाना

### हाइपोथर्मिया के लक्षण

जब मरीज हाइपोथर्मिया की गिरफ्त में आता है, उसके सोचने और हिलने-डुलने की क्षमता चली जाती है।

- लगातार नींद आना/सुस्ती रहना
- हमेशा कमजोरी रहना
- रूखी त्वचा
- दिमाग नहीं चलना
- लगातार कंपकंपी
- धड़कनों में ज्यादा उतार-चढ़ाव
- हाइपोथर्मिया के कारण कार्डियक अरेस्ट, शॉक व कोमा की स्थिति बन सकती है।

## कार्रवाई : कन्या विवाह योजना का लाभ देने के लिए ले रहे थे घूस

# अनुदान राशि देने के लिए दस हजार रिश्वत लेते आरा के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गिरफ्तार

- आरा के बाबू बाजार स्थित श्रम संसाधन ऑफिस से घुसखोर अफसर को दबोचा
- गिरफ्तारी के बाद अधिकारी को पटना ले गये निगरानी की टीम

**केटी न्यूज/आरा**



श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी को गरिफ्तार कर ले जाती निगरानी विभाग की टीम

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम द्वारा सोमवार को आरा सदर के श्रम प्रवर्तन अधिकारी राणा कुमार को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया गया। सोमवार की दोपहर श्रम संसाधन कार्यालय से एक महिला से दस हजार रुपए घूस लेते उनको रंगेहाथ पकड़ा गया है। घूस की यह राशि कन्या विवाह योजना के तहत अनुदान की राशि देने के एवज मे ली जा रही थी। निगरानी के हत्थे चढ़े श्रम प्रवर्तन अधिकारी राणा कुमार वैशाली के गरौल प्रखंड के पदमौल गांव के निवासी हैं। वह आरा सदर ब्लाक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी के पद पर तैनात थे और पटना के कंकड़बाग में रहते हैं। इधर, निगरानी की इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में सनसनी मच गयी। वहीं श्रम संसाधन कार्यालय में भी सन्नाटा पसर गया।

बताया जा रहा है कि शहर के टाउन थाना क्षेत्र के धनपुरा गांव निवासी सुकांती देवी द्वारा अपनी बेटी की शादी के लिए श्रम विभाग में पंजीयन कराया था। उसमें 50 हजार रुपया पास हुआ था। उक्त राशि देने के एवज में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी राणा कुमार द्वारा महिला से10 हजार रुपये बतौर घूस की मांग की गयी थी?। इसकी शिकायत सुकांती देवी की ओर से निगरानी विभाग से की थी। उसके बाद निगरानी विभाग द्वारा इसकी जांच की गई। उसमें शिकायत सत्य पाया गया। उसके बाद निगरानी विभाग द्वारा एक टीम गठित कर एक रणनीति के सोमवार को श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी को गिरफ्तार कर लिया गया।

**चार जनवरी को महिला ने निगरानी में दर्ज करायी थी शिकायत :** जानकारी के अनुसार धनुपरा निवासी सुकांती देवी और रामरती की ओर से श्रमिक सुकन्या विवाह योजना के तहत बेटी की शादी के बाद अनुदान? के लिए श्रम विभाग में आवेदन दिया गया था। उसमें दोनों को 50000 की सरकारी अनुदान मिलना था। उसके एवज में प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी राणा कुमार द्वारा दोनों से रकम पास करने के लिए दस हजार घूस की मांग की जा रही थी। उसके लिए आवेदन भी अपने पास में लम्बित रखे हुए थे। उसे लेकर सुकांती देवी की ओर से गत चार जनवरी को निगरानी के पास शिकायत दर्ज की गयी थी। निगरानी के डीएसपी नीलाभ कृष्ण ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की गयी। उसमें शिकायत सही पाये जाने के बाद टीम गठित कर श्रम संसाधन कार्यालय में सोमवार की दोपहर धावा बोला गया। वहां श्रम प्रवर्तन अधिकारी को दस हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ दबोच लिया गया। टीम में डीएसपी नीलाभ कृष्ण, गोपाल कृष्ण, इंस्पेक्टर संजय चतुवेर्दी, एएसआई कौशल किशोर, ऋषिकेश कुमार और सिपाही कश्यप कुमार शामिल थे।

## एक नजर

### चौसा में किसानों का प्रदर्शन जारी, पुलिस ने दो लोगों को थाने में बैठाया



**बक्सर।** चौसा थर्मल पावर के लिए पाइप लाइन बिछाने का कार्य पिछले दो दिनों से प्रारंभ हो गया है। वहां पिछले दो माह से उचित मुआवजे की मांग कर रहे किसान सोमवार को पुनरू काम रोकने पहुंच गए। विरोध का अंदेशा प्रशासन को पहले से था। इसको देखते हुए वहां ए एसडीएम दीपक कुमार व पुलिस फोर्स भी तैनात थी। उनके साथ किसानों ने तीखी बहस की। इस वजह से धनजी तिवारी व अखिलेश पांडेय को थाने पहुंचा दिया गया। इसको लेकर वहां काफी हंगामा हुआ। इस संबंध में पूछने पर मुफस्सिल के थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि उन्हें शाम में रिहा कर दिया। ज्ञात हो की चौसा थर्मल पावर स्टेशन तक गंगा का से पानी ले जाया जाना है। साथ ही कोयले की आपूर्ति के लिए रेल लाइन भी बिछाई जानी है। इसके लिए जिन किसानों की भूमि का अधिग्रहण हो रहा है। वे उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं। जबकि प्रशासनिक स्तर से उन्हें वर्ष 2013 की दर से भुगतान की बात कही जा रही है। इसके लिए किसान तैयार नहीं हैं। इसको लेकर पिछले दो माह से गतिरोध जारी है। लगातार धरना भी चल रहा है। किसानों का प्रतिनिधि मंडल डीएम से भी मिलने गया था। लेकिन, सभी लोग यह कह कर के पल्ला झाड़ रहे हैं कि भूमि का मूल्य हमारे स्तर से नहीं बढ़ाया जाना है। साथ ही कोई सच भी नहीं बता रहा। भूमि का मूल्य तय कौन करेगा। यह सच मीडिया से भी छिपाया जा रहा है।

### नल जल योजना के तहत आच्छादित नहीं हुए महादलित टोलों को किया जाएगा चिह्नित



**जहानाबाद।** डीएम रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में सभी तकनीकी पदाधिकारियों के साथ तकनीकी समन्वय समिति की मासिक बैठक कर कई आवश्यक निदेश दिया गया। बैठक में डीएम ने कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल, जहानाबाद को निदेश दिया कि जिले के महादलित टोलों तथा जिन स्थानों को किसी कारणवश नल जल योजना के अंतर्गत आच्छादित नहीं किया जा सका है उसे चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, जहानाबाद को निदेश दिया कि जिन स्थानों पर बिजली के तार लटक रहे हैं उन्हें अविलंब हटाना सुनिश्चित करें तथा जिन निमार्णाधीन संरचनाओं पर बिजली के खंभे हैं उसके स्थानांतरण हेतु प्राक्कलन अधियाची विभाग को उपलब्ध कराएं ताकि उनके अंतर्गत कार्य कर रहे कार्यकारी एजेंसी द्वारा स्थानांतरण का कार्य कराया जा सके। बैठक में सहायक अभियंता, ब्रेडा को निदेश दिया गया कि सौर्य ऊर्जा संस्थापन में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, गया/जहानाबाद को निदेश दिया कि बराबर में रोपवे का कार्य में प्रगति लाना सुनिश्चित करें एवं कार्य का विस्तृत टाइमलाइन तैयार कर उपलब्ध कराएं। साथ हीं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, को निर्देश दिया गया कि नापी के कारण जितने भी योजनाएं लंबित हैं। उनको प्राथमिकता पर रखते हुए सूची उपलब्ध कराएं एवं संबंधित अंचल अधिकारी को सूचित करें। कार्यपालक अभियंता एनएच 110 द्वारा बताया गया कि कार्य प्रगति पर है एवं राजाबाजार तथा बभना में नाला का कार्य चल रहा है।

### दुघर्टना में होमगार्ड जवान व रेलकर्मी की मौत

**रोहतास।** रोहतास जिले में अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक होमगार्ड जवान एवं एक रेलकर्मी की मौत हो गई। पहली घटना नोखा थाना क्षेत्र के भवरह गांव की है, जबकि दूसरी शिवसागर थाना क्षेत्र के प्रखण्ड मुख्यालय की है। जिले के नोखा थाना क्षेत्र के भवरह गाव में सोमवार को पोखरा में गिरकर डूबने से एक होम गार्ड जवान की मौत हो गई। मृतक भवरह गाव निवासी जवाहर लाल सिंह उम्र 55 साल बताई जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार नौहट्टा थाना में पदस्थापित थे, वे छुट्टी पर घर आये थे। सुबह घर टहलने के लिए निकले थे। लेकिल टहलने के क्रम में पोखरा में गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। नोखा थाना सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया। दूसरी घटना शिवसागर थाना क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय के बाजार की है, जहां सड़क पार करने के दौरान शिवसागर निवासी 51 वर्षीय असगर अली की मौत हो गई। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि मृतक असगर अली रेलवे कर्मचारी थे, जो रात में ड्यूटी के बाद अपने घर जा रहे थे। तभी सड़क पर करने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई। सूचना पर मृतक कर्मचारी के परिजन मौके पर पहुंचे, और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया।

## रंगदारी का विरोध करने पर फाइनेंस एडवाइजर से की मारपीट व छीने पैसे

**केटी न्यूज/आरा**

- ऑफिस में घुस कर रंगदारी मांगने व मारपीट कर सवा लाख छीनने का आरोप

शहर के टाउन थाना क्षेत्र के न्यू एरिया बाबू बाजार स्थित वी-मार्ट की बगल वाली गली में फाइनेंसियल एडवाइजर की जमकर पिटाई कर दी गयी। उस दौरान उनका सवा लाख रुपए भी छीन लिया गया। मारपीट में उनका सर फट गया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी टाउन थाना क्षेत्र के मौलाबाग निवासी अशोक कुमार का 28 वर्षीय पुत्र आनंद राज है। मारपीट का आरोप कोईलवर के डुमरिया गांव निवासी एक युवक सहित अन्य लोगों पर लगाया गया है। आनंद राज ने बताया कि वी-मार्ट की बगल की गली में स्थित फाइनेंसियल कार्यालय में वित्तीय सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। उन लोगों का म्यूचल फंड और शेयर बाजार का काम है। पिछले अक्टूबर माह में ही डुमरिया निवासी युवक ने उनसे पंद्रह हजार रुपये उधार लिया था। कई बार मांगने पर भी वह पैसे नहीं दे रहा था। सोमवार की दोपहर वह अपने ऑफिस में कार्य कर रहे थे। तभी उक्त युवक अपने छह लोगों के साथ कार से आया और उनके ऑफिस में घुस गया। इसके बाद उसने उससे तीन लाख रंगदारी मानने लगा। उन्होंने ने देने से मना किया, तो उसने अपने साथियों के साथ मिलकर लोहे के रॉड से उनके सिर पर वार कर दिया। उससे उनका सिर फट गया। उसके बाद ऑफिस के गल्ले में रखे गये लेन-देन एक लाख पच्चीस रुपये निकाल लिया। इस मामले में जख्मी आनंद राज के द्वारा स्थानीय थाना में आवेदन भी दिया गया है।

### विभिन्न कांडों में 19 आरोपित गिरफ्तार

**आरा।** जिले में अपराधियों की धरपकड़ अभियान में पुलिस टीम ने रविवार को डकैती और अवैध शराब समेत विभिन्न कांडों में 19 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उस दौरान 57 लीटर महुआ शराब, 25.38 लीटर विदेशी शराब, एक बाइक, तीन ग्राम हेरोइन और बालू लदे आठ ट्रक बरामद हुआ?। 34 सौ लीटर महुआ पास भी विनष्ट किया गया। एसपी कार्यालय द्वारा प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी गयी। प्रेस बयान के अनुसार पीरो थाना की पुलिस द्वारा डकैती में आरोपित बक्सर के खचरीभाव गांव निवासी विनोद पासवान उर्फ विन्दे पासवान को गिरफ्तार किया है। नवादा थाना पुलिस की टीम ने धोबी घाट के समीप छापेमारी कर चंदन कुमार नट को गिरफ्तार कर लिया, उसके पास से 3 ग्राम हेरोइन बरामद हुआ। तरारी थाना की पुलिस ने बाइक से 50 लीटर महुआ शराब बरामद की। हालांकि इस दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। करनामेपुर ओपी पुलिस ने 25.38 लीटर विदेशी शराब बरामद किया।

## बैंकों व आसपास बेवजह घूमने वाले संदिग्धों पर नजर रख रही पुलिस

- लूट की घटनाओं को देखते हुए पुलिस अफसरों ने जाना हाल
- बैंकों को सीसीटीवी और अलार्म को रखना होगा दुरुस्त

**केटी न्यूज/आरा**



सूबे में बैंक लूट की बढ़ रही वारदातों को लेकर भोजपुर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गयी है। एसपी प्रमोद कुमार के निर्देश पर बैंकों की चौकसी बढ़ा दी गयी है। इस क्रम में सोमवार को जिले भर में पुलिस ने बैंकों की सुरक्षा की जांच की। थानाध्यक्ष खुद बैंकों में गये और सुरक्षा की हर पहलू की समीक्षा की।

इस दौरान बैंक में आने-जाने वालों से पूछताछ की गयी। सभी से बैंक आने के कारणों की भी जानकारी ली गयी। साथ ही बैंक और आसपास घूमने वाले लोगों से पूछताछ की गयी। वैसे लोगों से बिना किसी कारण बैंक और आस पास घूमने से बचने की सलाह दी गयी। सीसीटीवी और अलार्म की भी जांच की गयी। एसपी ने बताया कि सभी थानाध्यक्षों को उनके इलाके कै बैंकों की सुरक्षा की नियमित रूप से जांच करने का निर्देश दिया गया है। बैंक स्टाफ और सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों की मदद से बैंक और आसपास बेवजह घूमने वाले संदिग्धों पर नजर रखने को कहा गया है। बैंक में आने-जाने वालों खासकर युवा वर्ग की जांच करने का भी निर्देश दिया गया। बुजुर्ग और महिलाओं के इर्द-गिर्द मंडराने वालों पर भी नजर रखने को बोला गया है। एसपी का कहना है कि बैंकों में बुजुर्ग और महिलाओं को मदद करने के नाम पर ठगी व छिनतई करने वाले गैंग के सदस्य भी रहते हैं। ऐसे में उन तत्वों की पहचान करने का भी निर्देश दिया गया है।

### पूरे वर्ष में जिले में चिहिन्त किए गए कुल 22449 टीबी मरीज, जिसमें 19158 हैं इलाजरत

# पटना में लक्ष्य के सापेक्ष में 90 फीसदी चिह्नित किए गए टीबी के मरीज

- वर्ष 2022 में पटना जिले में 25100 टीबी मरीजों को करना था चिह्नित

**केटी न्यूज/पटना**



टीबी एक गंभीर बीमारी है। जिससे भारत में प्रतिवर्ष चार लाख से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा देते हैं। इसमें बच्चे, महिलाएं एवं परिवार का भरण-पोषण करने वाले व्यस्क पुरूष भी शामिल होते हैं। इस बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए केंद्र सरकार पूरे देश से वर्ष 2025 तक टीबी बीमारी के उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को शत-प्रतिशत हासिल करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। साथ ही कई प्रकार के अभियान भी चलाए जा रहे हैं। जिसमें बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति की देखरेख में पूरे राज्य में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

**वर्ष 2022 में विभाग को 25100 टीबी मरीज चिह्नित :** ज्ञातव्य है कि पटना जिले में वर्ष 2022 में 25100 टीबी मरीजों को विभाग को चिह्नित करने की जिम्मेवारी सौंपी गई थी। इसके एवज में पूरे वर्ष में जिले से 22449 मरीजों को चिहिन्त किया गया था। जो लक्ष्य का करीब नब्बे फीसदी तक पूरा किया गया है। जिसमें 19158 मरीज इलाजरत है। जबकि शेष मरीज उपचार के दौरान ही या तो पूर्णत ठीक हो गए। या फिर अपनी जीविकोपार्जन या रोजी-रोटी के लिए राज्य से दूसरे जगह पलायन कर गए। इस संबंध जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. कुमारी गा?त्री सिंह ने बताया कि पटना जिले के फुलवारी प्रखंड में लक्ष्य के सापेक्ष में 98 फीसदी मरीजों को चिहिन्त किया गया है। उन्होंने कहा कि फुलवारी प्रखंड में 2108 मरीजों को चिहिन्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसमें 2076 मरीजों को चिहिन्त किया है। इसी प्रकार अन्य प्रखंडों में भी मरीजों को चिहिन्त किया गया है।

### लोगों को टीबी बीमारी से बचाया जा सकता है

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ कुमारी गायत्री सिंह ने कहा कि टीबी मरीज जिनका उपचार शुरू नहीं हुआ हो, वे जब भी बिना मुंह ढंके खांसते अथवा छींकते हैं तो टीबी के जीवाणु हवा में फैल कर उनक संपर्क में रहने वाले लोगों के फेफड़ों तक सांस के माध्यम से पहुंच जाते है। यदि टीबी के रोगियों को समय से सही एवं नियमित इलाज, मास्क से मुंह ढंकने तथा रोगियों के संपर्क में रहने वाले बच्चों, महिलाओं एवं पुरूषों में टीबी निवारक उपचार के कोर्स द्वारा टीबी बीमारी से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि टीबी बीमारी से बचाव के लिए राज्य सरकार कई प्रकार की सुविधाएं प्रदान कर रही है। जिसका लाभ हर टीबी से पीड़ित मरीज को उठाना चाहिए।

## खबरें फटाफट

### ट्रक व कार की जोरदार टक्कर, एक जख्मी

**कृष्णाब्रह्म।** रविवार को कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के एन एच 922 के पीएनसी कम्पनी के समीप ट्रक व कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें कार सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। टक्कर इतना जोरदार था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं ट्रक चालक मौके का फायदा उठा फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाई। जख्मी कार चालक की पहचान पटना जिला के नेउरा थाना के नेउरा गांव निवासी अजित कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस दुर्घटना को अंजाम देने वाली ट्रक का पता लगा रही है।

### महिलाओं ने कराई एएनसी जांच

**केसठ।** पीएचसी में सोमवार को गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शिविर आयोजित कर प्रसव पूर्व एएनसी जांच की गई। पीएचसी के डॉ धर्मदेव ने बताया कि 31 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच के क्रम में महिला चिकित्सकों ने रक्तचाप, वजन, ब्लड ग्रुप, हिमोग्लोबिन, थायराइड, आरबीएस, आरएच समेत सभी तरह की जांच की गई। एएनएम कुमारी अंजना सिन्हा ने गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच करते हुए गर्भवती के दौरान खानपान में विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। गर्भवती महिलाओं को डॉ धर्मदेव में साफ सफाई के प्रति भी जागरूक किए एवं पोषण संबंधित सामग्री जैसे आयरन की गोलियां कैल्शियम गोलिया, केला, सेब सहित अन्य प्रकार की सामग्री वितरण किया गया। मौके पर विनोद कुमार, पप्पू कुमार, विक्की सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### लापता हुआ 8वीं का छात्र पीयूष

**बक्सर।** आठवीं कक्षा का छात्र पीयूष सुबह दस बजे के लगभग घर से निकला तो फिर वापस नहीं लौटा। परिवार के लोग उसकी कुशलता को लेकर आशंकित हैं। आखिर वह कहां चला गया। इसकी सूचना उन लोगों ने पुलिस को भी दे रखी है। लेकिन, अभी कुछ ही घंटे गुजरे हैं। इस वजह से पुलिस भी उन्हें स्वयं के स्तर से तलाश करने की सलाह दे रही है। किशोर वय का यह छात्र डीएवी स्कूल लालगंज के वर्ग आठ का छात्र है। स्कूल भी बंद हैं, ऐसे में वह कहां गया। इसकी चिंता परिवार वालों को खाए जा रहे हैं। उसके पिता सुनील कुमार वर्मा शहर के पांडेयपट्टी में इलाके में रहते हैं। परिजनों के अनुसार वह सुबह घर से निकला, तो मां को लगा पिता के यहां दुकान पर जा रहा है। हालांकि वह दुकान तक आया भी था। वहां से फिर कहीं निकल गया। पिता को लगा वह घर लौट गया होगा। जब दोपहर हुई तो मां ने उसके बारे में पता किया। वह कहां है, इसकी सूचना नहीं मिल पायी। देखते-देखते शाम होने को आई तो परिजन परेशान हो गए। अब उसकी तलाश जारी है, लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पा रहा है।

# पल्सर व अपाची बाइक्स पर पुलिस रखेगी नजर, निगरानी में रहेंगे सीएसपी संचालक

**केटी न्यूज/डुमरांव**

- तैयार हो रही टीम, सभी थानों में होगी बाइक की गहन जांच
- सीएसपी संचालक कैश लाने से पहले देंगे पुलिस को सूचना

अनुमंडल के इलाके में लगातार हो रही लूट की घटनाओं के बाद पुलिस बौनी साबित हो रही है। दो दिन पूर्व कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के एनएच 84 सड़क पर एक सीएसपी संचालक से 5 लाख 80 हजार रुप की सरेआम लूट के बाद पुलिस ने यह कदम उठाया है। इस घटना में भी अपाची बाइक का इस्तेमाल किया गया था। इन लूट की वारदातों के बाद भी पुलिस अपराधियों की पहचान तक नही कर पायी, जिससे लोगों के बीच पुलिस के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। विफलता पर बड़े अधिकारी की भी फजीहत झेलनी पड़ती है। लूट के मामलों में अनुमंडल की पुलिस ने अपराध पर नियंत्रण को लेकर मंथन शुरू कर दिया है। इसके लिए अलग से पुलिस की टीम गठित की जायेगी, जो लगातार शाम ढलते ही पल्सर और अपाचे बाइक पर चौकसी बरतेगी। साथ ही देर शाम तक बाइक का चेकिंग अभियान चलेगा।


अनुमंडल पुलिस मुख्यालय

पुलिस सूत्र बताते है कि इधर जितनी भी लूट और आपराधिक घटनाएं हुई है उन घटनाओं में अपराधियों ने पल्सर और अपाची बाइक का इस्तेमाल अत्यधिक किया है। खासकर अपराधी इन बाइको पर सवार होकर वारदातों को अंजाम देने के बाद आसानी से फरार हो जाते है। पुलिस की टीम को शहर सहित ग्रामीण इलाके के संदिग्ध जगहों पर निगरानी बरतने को लेकर तैनात किया जायेगा। साथ ही शहरी क्षेत्र के अलावे ग्रामीण इलाकों में भी पुलिस की टीम अपने-अपने थाना क्षेत्रों में रात्रि पहर भी गश्त करेगी। सभी पुलिसकर्मियों को अपने पास मोबाइल रखने की हिदायत दी जायेगी ताकि एक-दूसरे से संर्पक बन सके। सीएसपी संचालकों के साथ लगातार हो रही लूट व छिनतई की घटनाओं से पुलिस की मुश्किलें बढ़ गयी है। पुलिस ने इसके लिए ठोस कदम उठाया है। अब सभी सीएसपी संचालक पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मोटी रकम आने और ले जाने के दौरान सीएसपी संचालक को इसकी सूचना संबंधित थाने को देना होगा, ताकि उनकी सुरक्षा की व्यवस्था की जा सके। सीएसपी संचालक को किसी भी संदिग्ध पर शक होने या अन्य परेशानी होने पर तुरंत थाने से संपर्क करने के लिए योजना बनायी जा रही है।

अनुमंडल के इलाके में अपराध नियंत्रण को लेकर कई ठोस कदम उठाने की योजना तैयार की गयी है। इसके लिए पुलिस की टीम गठित की जायेगी। कई घटनाओं में अपराधियों द्वारा पल्सर और अपाची बाइक के उपयोग की संलिप्तता पायी गयी है। पुलिस की टीम वैसे बाइको पर कड़ी निगरानी रखेगी।

**- राज, एएसपी, डुमरांव**

### ग्रामीण कार्य विभाग मंत्री ने निमार्णाधीन अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का किया निरीक्षण

# महागठबंधन सरकार का लक्ष्य है बिहार को स्वच्छ और सुंदर राज्य बनाना: मंत्री

- निरीक्षण के दौरान ग्रामीण कार्य विभाग मंत्री के साथ मौजूद थे स्थानीय विधायक और डीडीसी
- राज्य में दिखाई देगा जल जीवन हरियाली योजना का प्रभाव

**केटी न्यूज/डुमरांव**


लाखनडिहरा में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण करते मंत्री व अन्य

महागठबंधन की सरकार बिहार को स्वच्छ व सुंदर बनाने की कोशिश कर रही है। पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए ही जलाशयों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। उक्त बातें बिहार के ग्रामीण कार्य विभाग मंत्री श्रवण कुमार ने सोमवार को लाखनडिहरा में कही। वे यहा निमार्णाधीन अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण करने आए थे।

ग्रामीण कार्य विभाग मंत्री ने कहा कि राज्य में सुशासन के साथ ही स्वच्छता पर जोर दिया जा रहा है। ताकी लोगों को प्रदूषण का खतरा नहीं रहे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। हाल ही में जलाशयों के सफाई तथा सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर दिया गया है। इससे भूमिगत जल का स्तर भी बना रहेगा तथा लोगों को पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। श्री कुमार ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अबतक तालाबों, पोखर, आहर आदि में बैठने वाले गाद की सफाई के लिए 10 करोड़ 72 लाख रुपए खर्च किए गए है। जिससे हजारों जलाशयों को गाद मुक्त कर स्वच्छ बनाया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसा कर राज्य सरकार ने लोगों को जलजनित बीमारियों से छुटकारा दिलाया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जल जीवन हरियाली योजना का प्रभाव पूरे राज्य में दिखाई पड़ेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि लोगों को भी इस अभियान में शामिल होना चाहिए तभी हमारा बिहार स्वच्छ और सुंदर बिहार बनेगा। उन्होंने कहा कि जल जीवन हरियाली योजना को धरातल पर उतार पर्यावरण को संरक्षित किया जा रहा है। इसके लिए राज्यभर में युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। इस दौरान उनके साथ डुमरांव विधायक डा अजित कुमार सिंह, डीडीसी डा महेन्द्र पाल, बीडीओ संतोष कुमार, पंचायत के मुखिया मुखलाल महतो, डुमरांव प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, कसिया पंचायत के मुखिया भरत तिवारी समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### कूड़ा-कचरों का निस्तारण करने की दी हिदायत

अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई के निरीक्षण के दौरान ग्रामीण कार्य विभाग मंत्री श्रवण कुमार ने कई आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पूरे बिहार के 2600 पंचायतों में इस पिट का निर्माण कराया जा रहा है ताकी हमारे गांवों में भी कचरा प्रबंधन हो तथा गांव स्वच्छ व सुंदर बने।

उन्होंने इसकी दीवाल को और उंचा करने तथा लोगों के घरों से निकलने वाले कूड़ा कचरा का समुचित निस्तारण करने की हिदायत दी। मंत्री ने कहा कि ऐसा नहीं होने पर इससे निकलने वाला सड़ांध गांवों की फिजां में जहर घोल सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से भी साफ सफाई की आदतें डालने की अपील की। इस मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों ने उनके साथ गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने की हामी भरी। निरीक्षण के दौरान निर्माण एजेंसी के संवेदक समेत कई अन्य मौजूद थे। ग्रामीण कार्य मंत्री ने स्थानीय बीडीओ को समय समय पर इसका निरीक्षण करते रहने तथा गुणवत्ता के मानकों पर समझौता नहीं करने की सख्त हिदायत भी दी।

## एक नजर

### घने कोहरे व कहर बरपाती ठंढ के आगे जनजीवन अस्त व्यस्त, पूरे दिन नहीं हुए सूर्य के दर्शन



बक्सर। सर्द हवाओं और घने कोहरे के कारण सोमवार को भी आम जनजीवन प्रभावित रहा। अहले सुबह पुरुवा हवाओं के चलते घने कोहरे की चादर में लिपटा हुआ शहर तो दूसरी ओर कहर बरपा रही सर्द बर्फिली हवाओं के साथ आम दिनों की तरह सरपट भागती दौड़ती जिंदगी बेपटरी दिखी। आलम यह था कि सुबह 9 बजने के साथ ही शहर की सड़कों पर अच्छी खासी चहल पहल दिखती थी, लेकिन मौसम की मार से सड़कों पर सियापा छाया रहा। शहर का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री होने के कारण लोग घरों में ही दुबके रहने में भलाई समझ रहे थे। घने कोहरे का आलम यह रहा कि दृष्टि बधिता के कारण सड़कों पर फर्राटे भरते वाहन रेंगते हुए नजर आए। जो वहान सड़क पर चल रहे थे उनके हेडलाईट व इंडिकेटर जल रहे थे। जबकि जरूरी कामों से घरों से निकलने वाले लोग पूरी तरह से शरीर को गर्म कपड़ों से ढंके हुए थे। सड़कों के किनारे तथा झुग्गी बस्तियों के पास अलाव भी जल रहे थे। जहा राह चलने वाले राहगीर अनायास ही ठिठक जा रहे थे। कुछ देर तक आग सेकने के बाद ही लोग अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे थे। यही हाल चाय की दुकानों पर भी था। लोग चूल्हें के पास खड़ा हो ठंड से निजात पाते दिखे। घने कोहरे के कारण पटना डीडीयू रेल प्रखंड पर ट्रेनों के परिचालन पर भी प्रतिकूल असर पड़ा। जिसके कारण इस रूट से गुजरने वाली ट्रेनों का विलंब से पहुंचना यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन गया। अप रूट की पंजाब मेल डेढ़ घंटे, विभूति एक्सप्रेस 2 घंटे, फरक्का एक्सप्रेस डेढ़ घंटे विलंबित हुई, तो वही डाउन रूट की संघमित्रा एक्सप्रेस 2 घंटे, श्रमजीवी एक्सप्रेस ढाई घंटे, मगध एक्सप्रेस 4 घंटे तो ब्रह्मपुत्र मेल 6 घंटे तक विलंबित रही। जिससे यात्रियों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ा। उन्हें भीषण शीतलहरी में प्लेटफार्म पर टेज्नों के इंतजार में ठिठुरना पड़ रहा था। टेज्नों के विलंब के कारण कई लोग अपने घरों से कंबल लेकर आए थे। बक्सर तथा डुमरांव दोनों रेलवे स्टेशनों पर लोग कंबल ओढ़ टेज्नों का इंतजार करते देखे गए।

### सीएसपी संचालक से लूट मामले में बाइक सहित एक आरोपी गिरफ्तार, छापेमारी जारी



**कृष्णाब्रह्म।** गुरुवार की शाम लगभग चार बजे स्थानीय थाना क्षेत्र के एन एच 922 के चौकियां गांव के समीप दिन दहाड़े अज्ञात अपराधियों ने सीएसपी संचालक के पति को हथियार के बल पर 5 लाख 80 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए। इस घटना में स्थानीय थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ उमा शंकर सिंह के लिखित शिकायत पर प्रथमिकी दर्ज कराया गया था। जिसके बाद पुलिस की तत्परता से बाइक सहित एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। बताते चले कि गुरुवार भोजपुर जिला के कारनामेपुर थाना क्षेत्र के कारनामेपुर गांव में किरण सिंह के नाम से सीएसपी चलता है सीएसपी संचालक के पति उमा शंकर सिंह गुरुवार की शाम लगभग चार बजे डुमरांव स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा से अपने सीएसपी के लिए 5 लाख 80हजार रुपये का निकासी कर अपनी बाइक से एन एच 922 के रास्ते अपने गांव कारनामेपुर गांव जा रहे थे। तब तक एक अपाची बाइक से तीन अज्ञात अपराधियों ने बाइक का बिछा कर रहे थे। जब उमा शंकर सिंह चौकियां गांव के समीप पहुचे तो अपराधियों ने बाइक को ओवर टेक कर रोक लिया। जिसके बाद हथियार के बल पर पैसा से भरा बैग मांगने लगे जब सीएसपी संचालक के पति ने बैग देने से इनकार किया तो अपराधियों ने मार पीट करना शुरू कर दिया जिसके बाद उमा शंकर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं अपराधियों ने मौके से 5 लाख 80 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। जिसके बाद सीएसपी संचालक के पति उमा शंकर सिंह के लिखित शिकायत पर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्रथमिकी दर्ज कराई गई थी। घटना को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। जिसके बाद के तत्परता से सोमवार को बाइक सहित एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि गिरफ्तारी के संबंध में पुलिस कुछ बताने से परहेज कर रही है।

### प्रखंड को खुले में शौच से मुक्त करने पर बल

**केसठ।** प्रखंड में संपूर्ण स्वच्छता अभियान के सफल संचालन को ले प्रखंड मुख्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान से जुड़े अधिकारियों व कर्मियों का बैठक कर कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में बीडीओ श्री वर्मा ने कर्मियों को प्रखंड के कितने घरों में अभी तक शौचालय का निर्माण नही हो सका है, किन घरों में बना है उन लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि मिला है या नही, कचरा अवशिष्ट प्रबंधक का कार्य सुचारू रूप से प्रगति पर है या नही सहित स्वच्छता से संबंधित अन्य जानकारी की रिपोर्ट तैयार कर उपलबन्ध करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रखंड को खुले में शौच से मुक्त करने को ले।आम लोगो से सहयोग की अपील की। बैठक में बिना सूचना के अनुपस्थित प्रखंड क्वाडीनेटर से स्पष्टीकरण मांगने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से डीआरसीसी राकेश कुमार व अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# ठंड में नगर परिषद की उदासीनता से उग्र हुए ग्रामीण, जताया आक्रोश

**केटी न्यूज/डुमरांव**

- नया भोजपुर के लोगों का आरोप- नहीं जलाया जा रहा अलाव

इस भीषण शीतलहरी में भी नगर परिषद प्रशासन अलाव जलाने के प्रति उदासीन बना हुआ है। या यूं कहे कि सिर्फ कागजों पर ही अलाव जलाया जा रहा है। धरातल पर कही भी नगर परिषद की लकड़ियां जलते हुए नजर नहीं आ रही है। जबकि पिछले एक पखवाड़े से पड़ रही भयंकर सर्दी के कारण लोग काफी परेशान हो गए है। पहले चौक चौराहों पर सरकारी स्तर पर जलने वाले अलाव लोगों को शीतलहर से राहत प्रदान करते थे। नगर परिषद की इसी उदासीनता से नाराज सोमवार को पुराना भोजपुर के ग्रामीणों ने भोजपुर चौक पर बवाल काटा।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नगर परिषद द्वारा अलाव जलाने का सिर्फ कोरम पूरा किया जा रहा है। रविवार को नगर परिषद के कर्मी अलावे के नाम पर मुट्ठी भर लकड़ियां फेंक कर भाग गए थे। जबकि शीतलहरी के कारण गरीबों की मुश्किलें बढ़ी हुई है। पूर्व सरपंच भरत चौधरी के नेतृत्व में उग्र हुए ग्रामीणों का कहना था कि न सिर्फ पुराना भोजपुर बल्कि नगर परिषद के विस्तारित क्षेत्रों नया भोजपुर, मठिया, बनकट, महरौरा आदि कही भी अलाव नहीं जलाया जा रहा है। भरत चौधरी ने कहा कि अलाव के नाम पर इस अबतक नगर परिषद लाखों रूपए खर्च कर चुकी है। लेकिन धरातल पर कही भी अलाव जलता दिखाई नहीं पड़ रहा है। कहा कि जल्दी ही नप के भ्रष्टचार व लूट खसोट के खिलाफ जन आंदोलन किया जाएगा। मौके पर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि शंभू चौधरी, कंचन चौधरी, मंडल शर्मा, राजेन्द्र चौधरी, राजू गुप्ता, बीरेन्द्र गोंड, नंदजी हलवाई समेत दर्जनों लोगों ने आक्रोश जताया।

# जरूरतमंदों की सहायता व सेवा ही है असली धर्म: शिवांग विजय सिंह

- रूद्र सागर सेवा संस्थान के कंबल वितरण शिविर का युवराज ने किया उद्घाटन

**केटी न्यूज/डुमरांव**


कंबल वितरित करते युवराज शिवांग विजय सिंह

जरूरमंदों की सहायता व सेवा ही असली धर्म है। प्रत्येक सर्मथवान व्यक्ति को अपने से कमजोर तथा जरूरतमंद लोगों की सेवा करनी चाहिए। उक्त बातें युवराज शिवांग विजय सिंह ने कहा। अवसर था रूद्र सागर सेवा संस्थान द्वारा आयोजित कंबल वितरण समरोह का। इस क्रम में लालगंज कड़वी मोहल्ले के पास स्थित ठाकुरबाड़ी परिसर में आयोजित कंबल वितरण शिविर का उदघाटन शिवांग विजय सिंह ने फिता काटकर किया।

इसके बाद उन्होंने अपने हाथों पहले से चयनित लालगंज कड़वी के साथ ही खिरौली, महरौरा आदि गांवों के 115 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि इस भीषण शीतलहरी में रूद्र सागर सेवा संस्थान का यह कार्य काफी सराहनीय है। संस्थान के प्रयासों से सैकड़ो लोगों को इस भीषण ठंड में बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में कई ऐसे जरूरतमंद है जिनके पास इस भीषण ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त गरम कपड़े नहीं है। ऐसे लोगों के लिए रूद्र सागर सेवा संस्थान का यह प्रयास काफी सराहनीय है। उन्होंने आयोजकों को साधुवाद भी दिया तथा इस संस्थान को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। मौके पर संस्थान के सचिव रविशंकर चौबे, उपाध्यक्ष विजय कुमार ओझा, सोमनाथ ओझा, राजेश सैनी, अरूण कुमार, बाल किशन चौबे, अंसुमन चौबे, विशाल चौबे, धनेश्वर ठाकुर, अंबरीश पाठक, अमरेन्द्र तिवारी व अन्य सदस्य व जरूरतमंद उपस्थित थे।

### गया व झारखंड से आए कारीगरों के द्वारा बनाया जा रहा है तिलकुट

# तिलकुट की खुशबू से महक रहा शहर, जमकर हो रही खरीदारी

- आगामी 15 जनवरी को जिले में मनायी जाएगी मकर संक्रांति
- चीनी व खोवा तिलकुट, काले तिल का लड्डू व लाई की हो रही बिक्री

**केटी न्यूज/डुमरांव**


तिलकुट बनाते कारीगर

मकर संक्रांति पर्व में अब कुछ दिन शेष रह गये है। जिसको लेकर शहर की मंडियां तिलकुट की खुशबू से महकने लगी है। इस पर्व को लेकर लोग मंडियों से तिलकुट, चूड़ा, गुड़ की खरीदारी में तेजी ला दी है। आगामी 15 जनवरी को मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जायेगा। शहर के स्टेशन रोड, गोला रोड, चौक रोड, जंगल बाजार मंडी में तिलकुट की दुकानें सज गयी है। इस बार गया, जहानाबाद, अरवल और झारखंड के कोडरमा से भी कारीगर पहुंच कर तिलकुट बनाने के काम मे जुटे है। ग्रामीण और शहरी इलाके के लोग अपने-अपने रिश्तेदारों और परिचितों को उपहार स्वरूप तिलकुट भेजने को लेकर तिलकुट की खरीदारी कर रहे है। अरवल के व्यवसायी बल्लू बाबू, धूमधूम और अरवल के कारीगरों की बनी तिलकुट लोगों को खूब पसंद आ रहे है। कारीगरों की टीम 17 वर्षों से जाड़े के मौसम में डुमरांव पहुंचते है और इनके हाथों के बने तिलकुट के लोग कायल बने है। कारीगर बताते है कि मकर संक्रांति के बाद भी कुछ दिनों तक तिलकुट की बिक्री जारी रहती है। लोग तिलकुट के स्वाद को भूलना नही चाहते। तिलकुट की बिक्री इस बार सामान्य से ज्यादा होने की उम्मीद है। इस बार गुड़ और चीनी का तिलकुट, खोवा तिलकुट, काला तिल का लड्डू और लाई का निर्माण किया जाता है। शहरवासी तिलकुट का आनंद लेकर मकर संक्रांति का त्योहार मनाते है। कारीगरों के अनुसार इस बार गुड़ का तिलकुट 260 से 280 रुपये प्रति किलो, चीनी का तिलकुट 200 से 250 रुपया प्रति किलो और खोवा तिलकुट 350 रुपये प्रति किलो की दर से बिक्री की जाती है।

### स्वास्थ के लिए लाभप्रद है तिलकुट

तिल और गुड़ से बनने वाला तिलकुट स्वास्थ के लिए लाभप्रद है। खासकर जाड़े के मौसम में इसकी सोंधी मिठास मन को प्रसन्न करने के साथ ही ठंड से भी बचाती है। तिल और गुड़ दोनों औषधीय गुण से भरपूर होते है। दोनों को मिलाने से यह स्वास्थ के लिए काफी लाभदायक बन जाता है। वैसे भी जाड़े के दिनों में इसकी सोंधी खुशबू लोगों को स्वतः ही अपनी ओर खींच लेती है। इस बार भी कुछ ऐसा ही नजारा दिखाई पड़ रहा है। मकर संक्रांति में चूरा और दही के साथ तिलकुट खाने की परंपरा भी है। यही कारण है कि तिलकुट की दुकानों पर अभी से ही भीड़ लगनी शुरू हो गई है।

## कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में चन्द्रशेखर विवि का चौथा दीक्षांत समारोह आयोजित

# छात्र और छात्राओं द्वारा विज्ञान एवं तकनीकी को मिलाकर चलना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ाया गया सार्थक कदम: गवर्नर

**केटी न्यूज/बलिया**

जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय का चौथा दीक्षान्त समारोह रविवार को कुलाधिपति सह राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस समारोह में कुल 25,220 छात्र-छात्राओं को उपाधि दी गयी। जिसमें 22421 स्नातक स्तर के तथा 2799 स्नातकोत्तर स्तर से विद्यार्थी सम्मिलित हैं। इसके अलावा 34 मेधावियों छात्रों को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिसमें 28 छात्राएं व 6 छात्र हैं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि इसरो के मानद प्रोफेसर पद्मश्री वाईएस राजन व विशिष्ट अतिथि प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय सम्मिलित हुए। राज्यपाल ने समस्त विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा दीक्षांत समारोह शैक्षणिक यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। यह खुशी की बात है कि यह विश्वविद्यालय बलिया जनपद की सांस्कृतिक विरासतों को खोजने व संरक्षित रखने की दिशा में काम कर रहा है। गोल्ड मेडलिस्ट में छात्राओं की संख्या 80 फीसदी होने पर हर्ष जताया। साथ ही छात्रों को भी कड़ी मेहनत करने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह दौर विज्ञान और तकनीकी का है, लिहाला हमें इसके साथ कदमताल को तैयार रहना होगा। आत्मनिर्भर भारत का संकल्प इसी दिशा में बढ़ाया गया सार्थक कदम है। समस्त विद्यार्थियों के लिए अपने पैरों पर खड़े होने के संकल्प का भी है। भौतिक विकास के साथ ऊंचे जीवन मूल्यों के संरक्षण पर उन्होंने विशेष जोर दिया।

राज्यपाल ने कहा कि स्टार्टअप इण्डिया, स्टैंडअप इंडिया, पीएम स्कॉलरशिप जैसे कार्यक्रम उद्यमशील युवाओं के लिए नई सम्भावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने बलिया जनपद की मिट्टी से जुड़े ख्याति प्राप्त व्यक्तियों को 'लिविंग लिजेंड्स ऑफ बलिया' फोरम से जोड़ने का अभिनव प्रयास किया। एक भारत-श्रेष्ठ भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ओडीओपी के अन्तर्गत विश्वविद्यालय सिन्होरा व बिन्दी उद्योग में तकनीकी सहयोग दे रहा है।

**परिषदीय विद्यालय के बच्चों को दुलारा, दिए उपहार :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जननायक विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में ही परिषदीय विद्यालय के बच्चों से भी मिली। बच्चों को खुब दुलारा तथा उनको बैग व अन्य पढ़ाई-लिखाई से सम्बन्धित उपहार भेंट की। बच्चों ने भी अपनी ओर से नये वर्ष के अवसर पर ग्रिटिंग कार्ड, पेंटिंग आदि दिये, जिसे पाकर राज्यपाल काफी प्रफुल्लित हुईं। उन्होंने कहा कि छोटी उम्र में ही बच्चे जो देखते हैं, वह सीखते हैं। यहां से बच्चे घर जाएंगे तो एक सकारात्मक विचार लेकर जाएंगे। यहां का चित्रण अपने घर व पासपड़ोस में करेंगे, जिससे अन्य बच्चों ने प्रेरणा का भार पैदा होगा। राज्यपाल से मिलने वालों में प्रावि बरवां के छात्र धनजी, प्रावि गांधीनगर की नन्दिनी, सर्व शक्ति, ऋतु पटेल, मुन्नी व विराट यादव, उच्च प्रावि गांधीनगर की करीना व सौरभ, कम्पोजिट विद्यालय सुखपुरा के खुश्बू, प्रतिमा, रिया, प्रियांशु सिंह व दिव्या भारती, प्रवि बोड़िया की छात्रा ज्योति राजभर, प्रावि मिश्रौलिया की सुप्रिया, माही व सौरभ कुमार, कम्पोजिट विद्यालय कैथवली की शिवांगी पटेल, सिद्धार्थ सिंह, मोनिका शुक्ला, पूर्णिमा, विराज व प्रिंस कुमार, प्रावि बांसपाली के साधना व मनीष चौहान, कम्पोजिट विद्यालय बेरूआरबारी की कृति, रिजवान, नितेश, प्रमोद व मुर्तजा अंसारी शामिल थे।



राज्यपाल सह कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के साथ छात्र-छात्राएं

### स्वास्थ्य सही रखना है तो मोटा अनाज खाएं

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि हम सबका सेहतमंद रहना सबसे जरूरी है। इसलिए स्वास्थ्य सही रखना है तो मोटा अनाज खाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी वर्ष 2023 को 'मिलेट ईयर', यानि 'मोटा अनाज वर्ष' घोषित किया है। पहले हमारे देश में 40 प्रतिशत मोटा अनाज का उत्पादन होता था, परन्तु आज विलुप्त होने के कगार पर है। हमें फिर मोटे अनाज की पैदावार व उसका अधिकाधिक प्रयोग करना ही होगा। तमाम गंभीर रोगों से निजात दिलाने में मोटा अनाज मदद करता है।

### शिखर सम्मेलन भारत में होना गर्व की बात

राज्यपाल ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन इस वर्ष भारत के नेतृत्व में होने जा रहा है। भारत ही सम्मेलन की अध्यक्षता करेगा। यह हम सबके लिए गर्व की बात है। प्रदेश के भी चार शहरों में कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा कि यह अनुसंधान की सदी है और इस सदी में बहुत कुछ करने की जिम्मेदारी वर्तमान पीढ़ी के कंधों पर है। राज्यपाल ने कहा, टाटा कैंसर रिसर्च सेंटर द्वारा यह शोध किया गया है कि योग के माध्यम से ब्रेस्ट कैंसर ठीक हो गया। योग के माध्यम से अन्य कई गंभीर रोगों से निजात पा सकते हैं।

### कुलपति ने जताया आभार, कहा- प्रो. राजन का संबोधन प्रेरणादायी

**बलिया।** समारोह में सबसे पहले कुपलति प्रो. कल्पलता पाण्डेय ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल विषम परिस्थिति में कामर्शियल फ्लाईट से वाराणसी आयीं और वहां से कोहरे का समय होने के बावजूद सड़क मार्ग से साढ़े तीन घंटे की यात्रा कर यहां पहुंची, इसके लिए हम सब विशेष अभारी हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय की अब तक उपलब्धियों को विस्तार से बताया।

उन्होंने मिसाईल मैन डॉ कलाम साहब के साथ ह्यबियोंड 2020ह्ल नामक पुस्तक की रचना करने वाले इसरो के मानद प्रोफेसर पद्मश्री वाईएस राजन के प्रति भी आभार जताते हुए कहा कि प्रो राजन का सम्बोधन हमारे विद्यार्थियों के लिए काफी प्रेरणादायी होगा। समारोह में राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल, एसपी राजकरन नैय्यर, एसडीएम सदर प्रशांत नायक सहित विवि के स्टाफ व विभिन्न कालेज के प्रबंधक मौजूद थे।

**'एब्यूज, डिस्यूज व मिस्यूज' से बचें, क्षितिज से भी आगे की सोचें: प्रो. राजन :** दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि इसरो के मानद प्रोफेसर वाईएस राजन ने विभिन्न विषय वर्ग के विद्यार्थियों को उनके क्षेत्र से सम्बन्धित सफलता की सम्भावनाओं के कई मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि सफल होने के सबसे जरूरी है, जीवन, शरीर व मन को स्वस्थ एवं स्वच्छ रखना। उन्होंने तीन शब्द 'एब्यूज, डिस्यूज व मिस्यूज' यानि दुर्व्यवहार, अनुपयोग व दुरूपयोग से बचने की सलाह दी। इन तीनों शब्दों को तमाम उदाहरण सहित विस्तार से समझाया। कहा कि स्वस्थ शरीर व मन से ही आप अपने पेशेवर जीवन में उपलब्धि पा सकते हैं। प्रो. राजन ने छात्र-छात्राओं से कहा कि आपको क्षितिज से भी आगे की सोचना होगा। उन्होंने शरीर को स्वस्थ रखने के कई टिप्स दिये। मेरूदंड को हमेशा सीधा रखने की सलाह दी। खाने या मोबाइल चलाने के दौरान अत्यधिक झुके रहने से गंभीर परिस्थिति पैदा हो सकती है। प्रो. राजन ने कहा कि काफी लोग सरकरी नौकरी ही चाहते हैं, पर सरकारी नौकरियां सीमित है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में अंग्रेजी का साधारण ज्ञान तथा कम्प्यूटर चलाने की सामान्य जानकारी अत्यंत आवश्यक है। पर्यटन, होटल प्रबंधन, कृषि, सुरक्षा, अवसंरचना, स्वास्थ्य आपूर्ति क्षेत्र के विभिन्न पक्ष, खुदरा नेटवर्क, मनोरंजन क्षेत्र, टीवी, सिनेमा, संगीत, आदि कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां कौशलयुक्त व्यक्तियों की मांग है।

### रंगारंग आयोजन

- कुल 34 विद्यार्थियों को दिए गए गोल्ड मेडल जिसमें 28 छात्राएं व 6 छात्र शामिल
- 25,220 छात्रों को दी गयी उपाधि जिसमें 22,421 स्नातक स्तर व 2,799 स्नातकोत्तर स्तर विद्यार्थी
- स्वास्थ्य सही रखना है तो मोटा अनाज खाएं प्रधानमंत्री प्रस्ताव पर 2023 को 'मोटा अनाज वर्ष' संयुक्त राष्ट्र संघ ने किया घोषित
- जी-20 शिखर सम्मेलन भारत में होना गर्व की बात





मेधावी छात्रों को गोल्ड मेडल देतीं राज्यपाल

### विद्यार्थियों की लक्ष्य प्राप्ति में सरकार की योजनाएं बन रहीं सहायक: उच्च शिक्षा मंत्री

दीक्षांत समारोह के विशिष्ट अतिथि योगेंद्र उपाध्याय ने बलिया की महान विभूतियों को नमन कर अपने सम्बोधन की शुरू की। उन्होंने कहा कि कोई दीक्षांत समारोह किसी भी यूनिवर्सिटी के लिए विशिष्ट होता है। यह क्षण विद्यार्थियों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने वाले शिक्षकों को प्रफुल्लित करने वाला होता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की दृष्टि से यह विवि महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। यह पहला विश्वविद्यालय है, जहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के लिए आंतरिक मूल्यांकन व आकलन सम्बन्धी प्रशिक्षण को सम्पन्न कराया गया। खेलकूद एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के जरिए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं समस्त छात्र-छात्राओं के लक्ष्य को प्रदान करने में सहायक होंगी।



छात्रों को एजुकेशन किट देतीं राज्यपाल

## एक करोड़ की हेरोइन के साथ तीन धराएं

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

एक करोड़ की हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार किए गए है। जिसकी जानकारी गाजीपुर एसपी ओमवीर सिंह ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर की देखरेख में सोमवार को स्वाट टीम व कोतवाली पुलिस की टीम के साथ निरीक्षक अपराध सुरेंद्रनाथ ने मुखबीर की सूचना पर अन्तर जनपदीय हेरोइन तस्कर गिरोह को जमानिया मोड़ गाजीपुर के पास से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

पकड़े गए अभियुक्तगणों में गंगाराम पुत्र स्व0 सूरज लाल निवासी नेवला थाना मसौली जिला बाराबंकी, मनोहर प्रसाद कसेरा पुत्र स्व. अन्नू प्रसाद कसेरा निवासी नवाबगंज थाना कोतवाली गाजीपुर, सुधीर कुमार राय पुत्र स्व. विश्वनाथ राय निवासी बेटावर कला थाना जमानिया जिला गाजीपुर को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से कुल 1124 ग्राम हेरोइन (मादक पदार्थ), दो प्लास्टिक की बोतल में 04 लीटर एसीटिल क्लोराइड व बिक्री का 62,100 रू0, 01 अदद स्कूटी वाहन बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई। अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना कोतवाली गाजीपुर में अन्तर्गत धारा एनडीपीएस एक्ट के तहत आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।



## 14 जनवरी तक इंटरमीडिएट तक के विद्यालय रहेंगे बंद

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

बफीर्ली हवा व शीतलहर के बीच सितम ढा रही सर्दी के कारण लोग भगवान भास्कर के दर्शन तक नहीं कर पा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से लोग कड़कड़ाती ठंड की मार झेल रहे हैं। जिले में पारा लगातार लुढक रहा है और सर्द हवाओं से लोगों की मुश्किलें लगातार बढ़ रही है।

इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने समस्त बोर्डो से संचालित कक्षा एक से कक्षा 12 तक के विद्यालयों को 14 जनवरी तक बंद कर दिया है। गाजीपुर में पिछले कुछ दिनों से अधिकतम तापमान 21 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 7 डिग्री चल रहा है। इसके चलते लोगों को ठंड का प्रकोप झेलना पड़ रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक नाथ तिवारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर अत्यधिक शीतलहर को देखते हुए छात्र हित में कक्षा-01 से कक्षा 12 तक के विद्यालयों में 14 जनवरी तक अवकाश घोषित कर दिया गया है। कक्षा नौ से कक्षा 12 तक आनलाइन कक्षाएं और सीबीएसई-आईसीएसई बोर्ड की परीक्षाएं यथावत संचालित होती रहेंगी।

## लाठी-डंडे से पीट-पीट कर वृद्ध की हत्या

- दो का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज, हालात नाजुक

**केटी न्यूज/बलिया**

फेफना थाना क्षेत्र के मिड्ढा गांव में सोमवार की दोपहर जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक वृद्ध की जहां मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक अधेड़ महिला व एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए ?जिला अस्पताल स्थित भेज दिया। वहीं घायलों का इलाज जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

जहां हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। फेफना थाना क्षेत्र के मिड्ढा गांव के हरिजन बस्ती में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में सोमवार की सुबह करीब 11 बजे मारपीट हुई। जिसमें जमकर लाठी-डंडे व धारदार हथियार चले। इसमें एक पक्ष के गोपाल राम 70 पुत्र स्व. त्रिवेणी राम की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनकी बहू गौतमी देवी 50 पत्नी सुरेश राम तथा नाती चंदन राम 22 पुत्र सुरेश राम गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। मृतक का इकलौता पुत्र सुरेश राम लुधियाना में काम करता है। आसपास के लोगों ने मृतक के पुत्र व पुलिस को सूचना दे दी है। आरोपी घर का ताला बंद करके फरार हो गए हैं। बताया जा रहा है कि मृतक गोपाल राम व बिकाऊ राम के बीच काफी दिनों से जमीन विवाद चल रहा था। जिसको लेकर सोमवार की सुबह विवाद हो गया। जिसमें बिकाऊ राम के परिवार के लोगों ने वृद्ध को मारपीट कर हत्या कर दिया। जबकि बहू एवं नाती को गंभीर रूप से घायल कर दिया।



## पतंग पकड़ते समय कुंए में गिरने से बच्चे की मौत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

सोमवार को एक 13 साल का बालक पतंग पकड़ने के चक्कर में कुएं में जा गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई। दुघर्टना मुहम्मदाबाद कोतवाली अंतर्गत हरिहरपुर गांव में हुई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में चारों तरफ कोहराम मच गया। घटना सुबह 10:30 बजे हरिहरपुर निवासी प्रिंस राम (14) पुत्र स्व. दिलीप राम पतंग देख रहा था। अचानक वह पतंग कट गई। जिसको पकड़ने के लिए वह दौड़ा उसने नीचे नहीं देखा और वह कुंए में गिर गया। गिरते ही उसके सर पर गंभीर चोट आई। इस दौरान एक व्यक्ति ने उसे गिरते हुए देखा और वह चिल्लाने लगा। उसकी आवाज सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हुए और परिजनों को भी सूचित किया गया।

पुलिस बल को भी सूचना दी गई। मौके पर मुहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस पहुंच गई। एक खटिया कुएं में लटकाया गया ।जिस पर उसके शरीर को रखा गया और बाहर खींचा गया। तब तक दुर्घटना में उसकी मौत हो चुकी थी। मौत की खबर सुनकर पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बलिया जनपद के क्षय रोगियों को लिया गया गोद, इलाजरत मरीजों के बीच बांटी गई पोषण पोटली

## टीबी रोग को जड़ से खत्म करने के लिए एकजुट हो कार्य करें: राज्यपाल

- राज्यपाल के द्वारा गोद लिए गए मरीजों को दी गई फलों की टोकरी

**केटी न्यूज/बलिया**

सोमवार को पीडब्लूडी डाक बंगले पर जनपद के टीबी मरीजों को गोद लेने का आयोजन किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी सह रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ. आनंद कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा टीबी को सन् 2025 तक जड़ से खत्म करने का संकल्प है। इस दिशा में कई ठोस कदम उठाए गए है। उसी क्रम में निजी संस्थान, सामाजिक कार्यकताओं एवं अधिकारियों द्वारा टीबी मरीजों को गोद लिया जा रहा है। जिसके माध्यम से गोद लिए हुए व्यक्ति को पोषण, उपचार और अन्य सहायता लाभार्थी को दी जाती है। जिला क्षय रोग अधिकारी सह रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ. आनंद कुमार ने बताया कि रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा अब तक वित्तीय वर्ष 2022 में 274 टीबी के मरीजों को गोद लिया गया है। रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा टी बी के मरीजों को गोद लिए जाने का अभियान 24 मार्च 2022 से चलाया जा रहा है। उसी के क्रम में आज नये मरीजों को गोद लेने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें व्यापार मंडल, सामाजिक संगठनों एवं रेड क्रास सोसायटी बलिया द्वारा 15 क्षय रोगियों को गोद लिया गया है। व्यापार मंडल द्वारा 10 एवं रेड क्रास सोसायटी बलिया द्वारा 05 क्षय रोगियों को गोद लिया गया है।

इस क्रम में महामहिम माननीय राज्यपाल महोदया सह अध्यक्ष इण्डियन रेड क्रास सोसायटी उत्तर प्रदेश आनंद बेन द्वारा गोद लिए गए मरीजों को फल की टोकरी तथा गोद लिए गए लोगों द्वारा पोषण पोटली क्षय रोगियों को दी गई। उन्होंने बताया कि टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए सभी एकजुट होकर साथ आगे आयें चाहे अधिकारी हों, कर्मचारी हों, व्यापारी हों, सामाजिक संगठन या सामाजिक कार्यकर्ता, क्योंकि जब सभी का सहयोग मिलेगा, तभी हमारा यह नारा 'टीबी हारेगा देश जीतेगा' सफल होगा। उन्होंने गोद लेने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा गोद लेने वाले सभी 15 लोगों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। प्रशस्ति पत्र लेने वालों में शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, सरदार सुरेन्द्र सिंह खालसा, डॉ पंकज ओझा, सरदार जितेन्द्र सिंह, शशिकांत ओझा, रजनीकांत सिंह, सौरभ अग्रवाल आदि लोग रहे। संचालन उप जिला निरीक्षक अतुल कुमार तिवारी ने किया। मौके पर जिलाधिकारी बलिया सौम्या अग्रवाल, सीएमओ डॉ. जयंत कुमार सीडीओ प्रवीण वर्मा, उप जिलाधिकारी सीमा पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर, अपर पुलिस अधीक्षक, सभी विभागों के अधिकारीगण, टीबी विभाग एवं रेड क्रास से कुमार अभिषेक, नंदिनी सिंह, एमओटीसीएम शत्रुघ्न पांडे, जिला कार्यक्रम समन्वयक आशीष सिंह, पीपीएम विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, एसटीएस अवनीश चतुर्वेदी, संजीत श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।



मरीज को पत्र देतीं राज्यपाल

CMYK